# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

अप्रैल 2008 (अंक 178) | April 2008 (Issue 178)





श्रीमती श्यामा एस बांशिया, आई.आर.एस. निदेशक (बजट) भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नागपुर द्वारा आयोजित क्षेत्रीय निदेशकों के 5 वी वार्षिक समीक्षा बैठक का उद्घाटन परमपरागत दीप प्रज्वलित करते हुये दिखाई दे रही है। साथ ही श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (एकदम बायें) और अन्य अधिकारी भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने क्षेत्रीय निदेशकों के लिये वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने हाल ही में नागपुर में क्षेत्रीय निदेशकों के लिए 5 वी वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा 2007-08 की उपलब्धियों पर विचार-विमर्श करना तथा वर्ष 2008-09 में राष्ट्रीय बचत उत्पादों का बाजारीय हिस्सेदारी बनाये रखने हेतु नीतियाँ बनाना था।

श्रीमती श्यामा एस. बंशिया, आई.आर.एस., निदेशक (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय ने बैठक का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बचत संस्थान पर लाखों लोगों का विश्वास है, इसका गौरवपूर्ण इतिहास है। राष्ट्रीय बचत संस्थान को बाजार की हिस्सेदारी बढाने के लिये किये जा रहे प्रयासो का आत्म निरीक्षण करना चाहिए और बदलते परिवेश के अनुरूप अपने आप को ढालना चाहिये। उन्होंने अपील की कि अल्प बचत अभियान के संबंध में वे अपनी सोच को नई पद्धति से अपनायें और सामाजिक संगठनों जैसे स्वयं सहायता समूह व अन्य संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर सामाजिक परिवर्तन लाने के लिये और अधिक प्रयास करें। प्रारम्भ में श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने कहाँ कि भारत सरकार ने वर्ष 2008-09 के लिये रुपये 1,65,000 करोड़ का सकल लक्ष्य निर्धारित किया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा अपनाई जानेवाली नीतियों का खुलासा किया। उन्होंने विभिन्न केन्द्रों से आए क्षेत्रीय निदेशकों ने क्षेत्रीय केन्द्रों की उपलब्धियाँ और वर्ष 2008-09 के लिये अपनाई जानेवाली नीतियों पर अपने पेपर प्रस्तुत किये। इस अवसर पर श्री एम.ए. खान, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय (आकावि) श्री एस.के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय) ने बैठक का समन्वय किया।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री ए. रहमान खान,माननीय उप सभापति, राज्य सलाहकार बोर्ड, राष्ट्रीय बचत तामिलनाडु बोर्ड, राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई केन्द्र द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस के अवसर पर चेन्नई में सर्वोत्तम महिला बचत अभिकर्ता श्रीमती टी. सरस्वती को पुरस्कार प्रदान करते हुये दिखाई दे रहे है। साथ ही (बायें से दाये) डा. उषा कृष्णन, प्राचार्य, डा. एम.जी.आर. जानकी, महिला कालेज चेन्नई, श्री पी इलैगो, आई.ए.एस., निदेशक, अल्प बचत तामिलनाडु सरकार और श्री टी. दासरी, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान चेन्नई भी दिखाई दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संपूर्ण भारत में महिला बचत दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, राज्य सरकारों, डाक विभागों के सक्रिय सहयोग से क्षेत्रीय केन्द्रों के मुख्यालयों पर प्रतिवर्ष महिला बचत दिवस मनाता है। इस वर्ष भी संपूर्ण भारत में 15 अप्रैल 2008 को महिला बचत दिवस मनाया गया। महिला बचत दिवस मनाने का उद्देश्य महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं को प्रोत्साहित कर देश के विकास के लिये संसाधनों को एकत्र करना साथ ही अपनी आजीविका कमाना है क्योंकि दूर दराज तक फैले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से घरेलू बचत के एकत्रीकरण पर महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना के अभिकर्ताओं को कमीशन प्राप्त होता है।

इस अवसर पर विभिन्न अतिथियों द्वारा महिलाओं की बचत प्रक्रिया में भूमिका की सराहना की गई विशेष रूप से एम.पी.के.वी.आई. अभिकर्ताओं की जो कि जनता में जागरूकता लाती है। इस आयोजन को दूरदर्शन, आकाशवाणी, प्रिंट मीडिया इत्यादी द्वारा विस्तृत रूप से प्रसारित किया गया। डी.ए.वी.पी. नई दिल्ली द्वारा देशभर के प्रमुख समाचार पत्रों में इस दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुये विज्ञापन जारी किये गये।




श्रीमती राजलक्ष्मी राव, सदस्य राष्ट्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग दिल्ली, राष्ट्रीय बचत संस्थान, दिल्ली केन्द्र द्वारा महिला बचत दिवस के अवसर पर आयोजित एम.पी.के.बी.वाई एजेन्सी के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ अभिकर्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुये दिखाई दे रही है। साथ ही श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली और श्री सरबजीत सहायक प्रबंधक, आई.सी.आई.सी.आई. प्रुडेन्सीयल नई दिल्ली भी दिखाई दे रहे है।



श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान, बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री सुशीलकुमार मोदी के साथ बिहार राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में अल्प बचत बढाने के लिये अपनाई जानेवाली नीति के बारे में चर्चा करते हुये दिखाई दे रही है। साथ ही श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकता और बिहार सरकार के अधिकारी भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ए.पी.एस. अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने हाल ही में ए.पी.एस. सेंटर, कामठी में उनके प्रबंधन विकास कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बचत उत्पादों का विपणन, उत्पादों की जानकारी देना था जिससे कि ए.पी.एस. अधिकारियों के द्वारा पूरे देश में स्थित आर्मी बेस डाकघरों में अधिक से अधिक बचत एकत्रीकरण किया जा सके।

श्री अनिल भट्टाचार्या, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने संबोधन में कहा कि ए.पी.एस. के अधिकारी संसाधनों के एकत्रीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और राष्ट्रीय बचत उत्पादों और रक्षा कर्मियों के बीच मुख्य सूत्रधार है। श्री भट्टाचार्या ने अपील किया कि समस्त ए.पी.ओ. इस वर्ष पिछले वर्ष 2007-08 में एकत्रित जमा रु. 300 करोड़ की तुलना में रु. 500 करोड़ एकत्रित करने के लिये कड़ा परिश्रम करें। उन्होंने वित्त मंत्रालय द्वारा 2008-09 के लिये निर्धारित लक्ष्य 1,65,000 करोड़ रुपये की प्राप्ति के लिये एन.एस.आई. द्वारा अपनाई जानेवाली नीति और उसकी भूमिका पर पेपर प्रस्तुत किया। श्री दीपक वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एवं श्री डी.के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) ने अल्प बचत उत्पादों जैसे वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, लोक भविष्य निधि, मासिक आय योजना, आवर्ती जमा योजना पर प्रशिक्षण दिया। इसमें कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया।




श्रीमती निहारिका राय, आई.ए.एस. पंजीयन एवं लाईसेंस प्राधिकारी चंडीगढ़ प्रशासन, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र चंडीगढ़ द्वारा आयोजित महिला बचत दिवस के असर पर उत्कृष्ट एम.पी.के.बी.वाई. अभिकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुये दिखाई दे रही है। साथ ही (बायें से दायें) श्री के.के. शर्मा, सहा. निदेशक, श्री बलविंदर सिंह, सहा. निदेशक एन.एस.आई., श्रीमती कंचन प्रसाद, निदेशक, पत्र सूचना ब्यूरो और श्री राजीव सागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान चंडीगढ़ भी दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल से फरवरी 2008 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2007 तक | | फरवरी 2008 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 8922.52 | 2169.70 | 8133.57 | -564.32 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 71.23 | 23.19 | 80.22 | 23.85 |
| 3. | असम | 1553.49 | -386.62 | 1396.33 | -476.44 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 27.66 | 12.15 | 22.78 | 3.39 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 239.30 | -470.01 | 272.01 | -296.23 |
| 6. | बिहार | 4958.84 | 1551.34 | 4832.97 | 626.03 |
| 7. | झारखंड | 2235.99 | 949.35 | 1732.35 | -48.86 |
| 8. | चंडीगढ | 365.83 | -50.61 | 319.44 | -171.49 |
| 9. | दमण एवं दीव | 367.22 | 106.03 | 377.24 | -145.71 |
| 10. | दिल्ली | 5672.14 | 1478.34 | 3825.98 | -1246.96 |
| 11. | गोवा | 510.79 | 295.66 | 292.70 | -7.50 |
| 12. | गुजरात | 12653.23 | 2878.48 | 10125.27 | -1886.74 |
| 13. | हरियाणा | 4415.08 | 731.31 | 3884.83 | -502.31 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 2172.46 | 512.29 | 2001.39 | 35.31 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 1383.77 | 326.16 | 1310.86 | -70.51 |
| 16. | कर्नाटक | 6236.86 | 956.10 | 4574.05 | -707.15 |
| 17. | केरल | 4383.11 | 998.08 | 3644.50 | -592.46 |
| 18. | लक्षद्वीप | 1.87 | 0.97 | 1.58 | -0.70 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 4075.88 | 1035.52 | 3507.81 | -522.89 |
| 20. | छत्तीसगढ | 1362.58 | 395.29 | 1203.20 | -62.02 |
| 21. | महाराष्ट्र | 14681.75 | 3479,33 | 11045.51 | -1951.45 |
| 22. | मणिपुर | 81.28 | 7.36 | 57.73 | -22.25 |
| 23. | मेघालय | 148.75 | 7.05 | 132.21 | 1.66 |
| 24. | मिझोरम | 77.87 | -1.71 | 66.75 | -19.81 |
| 25. | नागालैंड | 37.26 | 6.88 | 29.43 | -8.91 |
| 26. | उडीसा | 2501.38 | 703.12 | 2168.76 | 52.18 |
| 27. | पांडीचेरी | 142.19 | 33.96 | 105.76 | -28.27 |
| 28. | पंजाब | 8146.49 | 1344.92 | 7122.01 | -905.70 |
| 29. | राजस्थान | 6480.11 | 546.18 | 5881.91 | -1700.14 |
| 30. | सिक्कीम | 41.23 | 0.02 | 44.46 | -15.81 |
| 31. | तमिलनाडू | 9161.02 | 2449.47 | 7024.70 | -934.87 |
| 32. | त्रिपूरा | 389.76 | 112.05 | 336.90 | -1775 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 14451.04 | 3817.94 | 12978.90 | 192.82 |
| 34. | उत्तरांचल | 1982.74 | 505.99 | 1856.51 | 117.86 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 17645.37 | 5792.97 | 14283.29 | 127.75 |
| | **कुल** | **137578.11** | **32318.26** | **114673.90** | **-11726.41** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR